प्रमुख घटना और उपलब्धि

(फ़रवरी 2021)

1. **फ्लैगशिप कार्यक्रम की प्रगति:**

1.1 लगभग 1,05,147 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। मार्च, 2021 तक 70,000 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों के लक्ष्य की तुलना में फरवरी, 2020 तक इनमें से 60,191 केन्द्रों को प्रचालनात्मक बनाया गया है।

1.2 दिनांक 30 दिसंबर, 2020 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की एनएचएम कार्यक्रम कार्यान्वियन योजनाओं (पीआईपी) के मूल्यांकन हेतु एनएचएम के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यान्वियन समन्वय समिति (एनपीसीसी) की बैठकों का संचालन कियाजा रहा है। फरवरी माह,2021 के दौरान 8 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ एनपीसीसी के बैठकों का संचालन किया गया।

2. **वैधानिक एवं विनियामक उपाय:**

2.1 डीपीसीओ के अंतर्गत रक्त और रक्त घटकों के प्रोसेसिंग प्रभारों को शामिल करने के लिए औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 का संशोधन राष्ट्रीय भेषज्ञ मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) में लंबित है। रक्त और रक्त घटकों के प्रोसेसिंग प्रभारों को डीपीसीओ के दायरे में लाने के लिए एनपीपीए ने दिनांक 15 जनवरी, 2021 को आखिरी संचालित की थी।

3. **विविध:**

3.1 राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिबाधिता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिबाधिता सर्वेक्षण (2015-19) के निष्कर्षों के अनुसार दृष्टिहीनता की व्याप्तता (दृश्य तीक्ष्णता <3/60) 0.68 प्रतिशत (2007) से कम होकर 0.36 प्रतिशत (2019) हो गई है।

3.2 अप्रैल, 2020 से फरवरी, 2021 के दौरान एनएसीपी के अंतर्गत एचआईवी-I वायरल भार परीक्षण हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की प्रयोगशालाओं के जरिए 1.46 लाख कोविड-19 परीक्षण किए गए।

3.3 राष्ट्रीय टोल फ्री एड्स हेल्पलाईन -1097 के सलाहकारों के लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रणकार्यक्रम संबंधी अद्यतन सूचनाओं और हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर की गई पहलों से अवगत कराने के उद्देश्य से नाको द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2021 को एक वर्चुअल क्षमता निर्माण सत्रका संचालन किया गया।

3.4 राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के संरक्ष्ण में आयोजित एलजीबी टीक्यूआई की सिफारिशों पर विचार विमर्श करने के लिए दिनांक 2 फरवरी, 2021 को एएस एंड डीजी,नाको की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।

3.5 मंत्रालय सोशल मीडिया की क्षमता का लाभ उठा रहा है। इसके ट्विटर हैंडल पर 2.1 मिलियन से भी अधिक फोलोअर्स हैं। इसके यू ट्यूब चैनल पर नए वीडियो हैं जिन्हें देखने के ग्राफ में नियमित रूप से वृद्धि हो रही है । इसे 52.45 मिलियन से भी अधिक बार देखा जा चुका है। वेबसाइट को नियमित अंतराल पर अद्यतन किया जाता है और यह अब मंत्रालय की पहलों पर सूचना के लिए एक उपयोगी संसाधन है।

3.6 गहन मिशन इंद्रधनुष 3.0 के प्रथम दौर की शुरूआत फरवरी, 2021 में की गई है और यह जारी है।

3.7 मीजिल्स-रुबेला (एमई) अभियान को फरवरी, 2021 से चरणबद्धतरीके से शुरू किया गया।

3.8 बच्चों में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के प्रयोग की रोकथाम संबंधी संयुक्त कार्य योजना का प्रारूप तैयार करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (तंबाकू नियंत्रण एवं नशा मुक्ति) की सूचनाएं को राष्ट्रीय बाल अधिकारसंरक्षण आयोग (एसीपीसीआर) को प्रदान की गई।

******